हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

04 28 मरीजों में मोतियाबिंद मिला, ऑपरेशन के लिए रेफर, जयवर्धन...



07 बेटे की उम्मीद में जान दांव पर लगा रहीं महिलाएं, परिवार नियोजन से ...



समाचार संक्षेप

विश्व गीता प्रतिष्ठानम मंडल ने संत अरविंद महाराज का किया सम्मान

गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा मानस भवन में भागवत कथा का रसपान करा रहे संत अरविन्द महाराज का सम्मान किया गया। मंडल के सदस्यों ने महाराज को शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर 'गीता अमृत गायन भाग-2', स्वाध्याय पत्रक, ब्रोशर तथा श्रीमद्भगवद्गीता के पंद्रहवें अध्याय की पुस्तक सम्मान स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर डॉ. उमा शर्मा, रंजना शर्मा, अनामिका मुनेश शर्मा, डॉ. सतीश चतुर्वेदी, बुंदेलसिंह यादव, रामस्वरूप सेन, केशव बैरागी, श्याम श्रीवास्तव, ओमप्रकाश पाराशर, वीरेंद्र भार्गव, महेंद्र सोनी, धर्मवीर सिंह, उमाशंकर भार्गव सहित विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

धरनावदा पुलिस ने अवैध शराब के साथ दबोचा पारदी बदमाश

गुना। जिले की धरनावदा थाना पुलिस ने 74 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित पारदी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दुहावद रोड पुलिया के पास एक व्यक्ति हीरो स्प्लेंडर मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 08-7156 पर प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर वृन्दावन पुत्र लाखन पारदी निवासी ग्राम मुरादपुर को दबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध शराब एवं शराब की तस्करी में उपयुक्त मोटर साइकिल को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार रहने पर न्यायालय राघौगढ़ से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 760/19 में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था, जिसमें भी पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की विधिवत कार्रवाई की गई।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने 7 से 9 अक्टूबर तक विशेष शिविर



गुना। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक में 7, 8 और 9 अक्टूबर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में फॉर्म-6 के अलावा कोई घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के साथ 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष के होने वाले युवाओं के भी एडवांस में फॉर्म लिए जाएंगे। मतदाता voters.eci.gov.in और ECINET ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने ऑनलाइन प्रक्रिया के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इंदौर और विदिशा में हुई प्रगति की सराहना करते हुए पिछड़े जिलों को कार्य तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में गुना से उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवांशु शिवहरे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

चिल्लाचोट करने से मना किया तो बहू ने सास पर किया हसिया से हमला

गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरखेड़ागिर्द में घरेलू विवाद के चलते बहू द्वारा सास पर हसिए से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के ससुर की मौजूदगी में सास ने थाने पहुंचकर बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादिया अशर्फी बाई (65) निवासी बरखेड़ागिर्द ने पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में बताया कि गत सुबह करीब 9 बजे उनकी बहू अंजना धाकड़ घर में चिल्लाचोट कर रही थी। जब सास ने उसे शांत रहने को कहा तो बहू गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर उसने सास को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और हाथ में लिए हसिए से हमला कर दिया। हसिया लगने से पीड़िता की बाएं हाथ की कलाई में चोट आई और खून बहने लगा।

निलंबन के विरोध में कलेक्टोरेट गेट पर पटवारियों का धरना प्रदर्शन

स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री के दबाव का विरोध, मांगें नहीं मानीं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना सहित प्रदेशभर में प्रशासन की दमनकारी और एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ गुना के पटवारियों ने सीधी जंग का ऐलान कर दिया है। स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री निष्पादन में विक्रेता बनने के अनुचित दबाव और पटवारियों के निलंबन के विरोध में आक्रोशित पटवारी बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्य गेट पर ही दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। कलेक्टोरेट परिसर में घंटों चले इस उग्र प्रदर्शन के दौरान पटवारियों ने साफ शर्त रखी कि कलेक्टर खुद बाहर आकर उनकी बात सुनें और निलंबन का आदेश वापस लें। इस बीच पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की मिन्नतें और समझाइश भी पटवारियों के अडिग रुख के आगे बेअसर साबित हुईं।



धरने के दौरान मौके पर पहुंचे डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे ने पटवारियों को शांत कराने का प्रयास किया और प्रस्ताव रखा कि पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चेंबर में आकर अपनी बात रख सकता है। लेकिन आक्रोशित पटवारियों ने इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। पटवारी संगठन के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना था कि जब निलंबन की कार्रवाई बिना किसी नोटिस और बिना विधिक प्रक्रिया का पालन किए की गई है, तो वार्ता भी चेंबर के बंद दरवाजों के पीछे नहीं बल्कि कलेक्टोरेट के खुले मैदान में होगी। पटवारी घंटों कलेक्टोरेट गेट पर ही नारेबाजी करते रहे, जिससे प्रशासनिक गलियारे में हड़कंप मच गया।

बिना नोटिस के निलंबन पर भड़का पटवारी संघ

प्रांतीय पटवारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन की इस कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि प्रांतीय आह्वान पर पूरे प्रदेश के पटवारी स्वामित्व रजिस्ट्री में विक्रेता बनने के विरोध में हैं और 43 जिलों की तरह गुना में भी रजिस्ट्री का आंकड़ा शून्य है। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने परिवीक्षाधीन पटवारियों को वॉट्सएप के जरिए सेवा समाप्ति के नोटिस थमा दिए और बिना किसी कारण बताओ नोटिस व जांच प्रक्रिया के प्रांतीय जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार सहित पटवारी ललित मोहन शर्मा, विजय सिंह भील और मेहरबान भील को सीधे निलंबित कर दिया।

3 दिवसीय सामूहिक हड़ताल शुरू

देवास में 4 पटवारियों की एकपक्षीय सेवा समाप्ति और गुना में हुए निलंबन के विरोध में प्रांतीय पटवारी संघ एवं मध्य प्रदेश पटवारी संघ की संयुक्त बैठक में पूरे प्रदेश में 7 अक्टूबर से 3 दिवसीय सामूहिक हड़ताल का फैसला लिया गया है। विरोध दर्ज कराते हुए गुना जिले के सभी पटवारियों ने शासन-प्रशासन के सभी आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुपों से एक साथ एग्जिट (लेफ्ट) कर लिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निलंबन और नोटिस की यह दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई तुरंत वापस नहीं ली गई, तो जिले के तमाम पटवारी अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

लापता कोर्ट कर्मचारी का विदिशा में मिला शव

गुना। जिला न्यायालय गुना में पदस्थ एक कोर्ट कर्मचारी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मंगलवार दोपहर से रहस्यमय तरीके से गायब हुए कर्मचारी की लाश बुधवार सुबह पड़ोसी जिले विदिशा के आनंदपुर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम भगवंतपुर के एक खेत में पेड़ से लटकी पाई गई। मृतक की पहचान मूलतः शिवपुरी निवासी मनीष बाथम के रूप में हुई है, जो वर्तमान में गुना कोर्ट में सेवाएं दे रहे थे। स्वजनों द्वारा मंगलवार को गुना थाने में मनीष के अचानक लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी, तभी विदिशा जिले से उनकी मौत की खबर सामने आई। आनंदपुर पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों की सूचना पर जब पुलिस बल भगवंतपुर के पास खेत में पहुंचा, तो मनीष का शव फंदे पर झूल रहा था। पास ही उनकी मोटरसाइकिल एमपी 33-4510 खड़ी थी, जिस पर जिला न्यायालय का मास्क लगा हुआ था। आनंदपुर थाना प्रभारी राकेश रघुवंशी ने बताया कि मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

सेवा ज्योति कलश यात्रा में युवक से मारपीट और मोबाइल तोड़ने का आरोप

खराब ट्रैफिक सिग्नल को लेकर सवाल पूछने पर गहराया विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवाकाल के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय पर सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर निकाली गई इस यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व और संभागीय प्रभारी डॉ. निशांत खरे की मौजूदगी में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। हालांकि, हनुमान चौराहे पर यात्रा के समापन के दौरान एक युवक द्वारा शहर की खराब यातायात व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उसके साथ मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का मामला सामने आने से पूरी यात्रा विवादों में घिर गई।

यात्रा का आगाज सुबह 10 बजे स्थानीय लक्ष्मीगंज स्थित शास्त्री पार्क के गेट से हुआ। यहां लगाई गई एक बड़ी एलईडी स्क्रीन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के लाइव संबोधन को सुना, जिसमें राष्ट्र निर्माण और जनसेवा का संकल्प दोहराया गया। इसके बाद हाथ में मशालें और सेवा ज्योति कलश लेकर भाजपा कार्यकर्ता निचले बाजार, सराफा बाजार, सदर बाजार और हाट रोड होते हुए हनुमान चौराहे पहुंचे। यात्रा में विधायक पन्नालाल शाक्य और नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। हनुमान चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि इस राजनीतिक कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी, जिसमें एएसपी प्रशांत सिंह सुमन और जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार भी मौजूद रहे थे।



सेवा और संकल्प का संदेश देने वाली इस यात्रा के दौरान उस समय अफरा-तफरी और विवाद की स्थिति बन गई, जब हनुमान चौराहे पर रघुवीर धाकड़ नाम के एक आम युवक ने रैली में शामिल कार्यकर्ताओं से एक तीखा सवाल पूछ लिया। युवक ने कहा कि यहां का ट्रैफिक सिग्नल काफी समय से खराब पड़ा है, कभी इस समस्या को लेकर भी रैली निकालो। इतना सुनते ही रैली में शामिल कुछ कार्यकर्ता और कुर्ता पहने एक नेता भड़क गए और उन्होंने युवक के साथ हाथापाई करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान युवक का मोबाइल फोन भी नीचे पटककर तोड़ दिया गया। घटना के बाद पीड़ित रघुवीर धाकड़ ने रोते हुए अपनी पीड़ा बयान की। उसने कहा, मैं तो एक छोटा सा गरीब व्यक्ति हूं, मेरा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे भाजपा से कोई परेशानी नहीं है, मोदी जी हजार साल जिएं और भाजपा दस हजार साल सत्ता में रहे, लेकिन क्या खराब ट्रैफिक सिग्नल पर सवाल पूछना गलत है? एक नेताजी ने मुझे मारा और मेरा मोबाइल तोड़ दिया। अब गरीब का मोबाइल कौन वापस देगा? मुझे मारने से क्या मिल गया?

अग्रसेन जयंतीः महिला मंडल की प्रतियोगिताओं में मातृशक्ति व बेटियों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न रंगारंग, बौद्धिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा जहां कौन बनेगा चैंपियन 2 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, वहीं अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में समाज की मातृशक्ति और बेटियों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा व कलात्मकता का प्रदर्शन किया।

अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित कौन बनेगा चैंपियन 2 प्रतियोगिता का शुभारंभ अग्रवाल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव इंजीनियर अनिल अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विवेक गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में अग्रवाल सोशल ग्रुप के अध्यक्ष पंकज वैश्य और सचिव वरुण अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। करीब 500 प्रतिभागियों से शुरू हुई इस प्रतियोगिता का पहला चरण 'फास्टेस्ट-21' राउंड रहा, जिसमें से 21 प्रतिभागी चुने गए। इसके बाद 12 फाइनलिस्टों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। अंतिम चरण में राम अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि प्रांजलि गुप्ता द्वितीय और अक्षरा मित्तल तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान हाउसी (तंबोला) गेम का भी आयोजन हुआ, जिसका सफल संचालन लेडी विंग की शोभा वैश्य, बबिता अग्रवाल एवं सरिता अग्रवाल ने किया।

प्रतियोगिताओं में दिखा मातृशक्ति का हुनर

दूसरी ओर, अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा गोयल ने मंच संचालन किया। महिला मंडल अध्यक्ष नीलम बिंदल ने विजेताओं को बधाई देते हुए अग्रवाल ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप मित्तल, सचिव अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल, अग्रवाल नवयुवक दल अध्यक्ष अनिल बिंदल, सचिव चंद्रकुमार मंगल और सह-सचिव रेणु अग्रवाल तथा उनकी टीम दीपाली सिंघल, नमिता अमित अग्रवाल, संगीता बंसल, संध्या अग्रवाल, शोभा वैश्य, बबीता बोहरे व शिवानी अग्रवाल का आभार व्यक्त किया।

दिग्विजय सिंह की यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर भरा पवित्र सरयू का जल कलश

गुना। दिग्विजय सिंह की यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने अयोध्या पहुंचकर पवित्र सरयू नदी का जल कलश में भर लिया है। यही सरयू जल कलश अब महाकाल की नगरी से शुरू होने वाली पूरी पदयात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेगा और यात्रा के अयोध्या पहुंचने तक आस्था की इस पवित्र यात्रा का साक्षी बनेगा। अयोध्याजी के प्रतिष्ठित संतों ने देशभर के सनातनी धर्मप्रेमी बंधुओं, राम भक्तों और शिव भक्तों से इस पदयात्रा में जुडने की अपील की है। संतों ने इसे आस्था, श्रद्धा और सनातन परंपरा से जुड़ा ऐसा अवसर बताया है, जिसमें देशभर के श्रद्धालुओं की सहभागिता इसे और विशेष बनाएगी।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व के पावन अवसर पर महाकाल की नगरी उज्जैन से रामलला की जन्मभूमि अयोध्या तक एक लंबी पदयात्रा पर निकलने जा रहे हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस पदयात्रा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं देने बनेगा दवा बैंक सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविरों का होगा आयोजन

गुना। रेडक्रॉस भवन में डॉ. एलके शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में जनस्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में असहाय व गरीब मरीजों को राहत पहुंचाने के लिए दवा बैंक स्थापित करने का दूरगामी निर्णय लिया गया, जिसके माध्यम से वंचित वर्ग को निशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाते हुए समिति ने सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला को जारी रखने का संकल्प लिया। इसके तहत इसी महीने दो निशुल्क बड़े स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। वहीं, 24 अक्टूबर को किशोरी बालिकाओं के विशेष स्वास्थ्य परीक्षण के लिए फ्री मेडिकल कैंप आयोजित किया जाएगा।

कार्यालय, नगर पालिका परिषद गुना (म.प्र.)

Ph.No. 252622 (का.), 254555 (सी. एम. ओ. नि.)

क्रमांक 2449/ ई-निविदा/2026-27 दिनांक 01/10/2026

विज्ञप्ति क्रमांक 37/ ई-निविदा/ न.पा. गुना /2026-27

: निविदा विज्ञप्ति सूचना :

एतद् द्वारा समस्त इलेक्ट्रिकल सप्लायर / अधिकृत विक्रताओ / OEM विक्रताओ को सूचित किया जाता है कि नगरिया प्रकाश व्यवस्था हेतु नगर में पूर्व से स्थापित पोलो पर पुरानी स्ट्रीट लाईटो के (मरम्मत) सामग्री सप्लाई कार्य हेतु आयटम रेट पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइड https://www.Mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्रं.	टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	पी.ए.सी. (लाख) ई.एम.डी (रू.) निविदा प्रपत्र की राशि	निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि	1. कार्य की समय अवधि 2. आमंत्रण
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_536205_1	Supply of Electric Item (1) 24/36 Watt CFL ROD (2) 24/36 Watt CFL CHOKE. (3) 24/36 Watt CFL HOLDER. (4) Tap Roll. For the year 2026-2027 under NP Guna.	रू. 21.18 लाख रु. 21180.00 रू. 5000.00	02/11/2026	1. 1 वर्ष 2. प्रथम आमंत्रण

1. GST Registratrion, PAN Card, Affidavit 200RS.
2. Manufacturer / Dealer Ship Company Authorization Certificate required.
3. Work order Shall be issued as per requirement of the items.
4. Supply Of CFL Equivalent - Bajaj, Surya, Havel's, Philips, Crompton. Orient, OSRAM (For Refernce)
5. CFL Choke written minimum Warranty for One Years.
6. Supplied LED Shall be replaced with in a weak time.
7. All Supplied Material Submitted Test Report / E-WAYBILL.
8. M.P GOVT Rules According To MSME Contractor Subsidy.
9. Payment Should be Paid According To Financial Status Of Municipal Council Nagarpalika Guna.
10. GST Shall be paid Extra.
11. ISO Certificate and ISI Mark Compulsory to be Submitted

Note :-

1. टेंडर क्रय करने की तिथि 02/10/2026 प्रात: 11:45
2. टेंडर क्रय करने एवम् टेंडर डालने की अंतिम तिथि 02/11/2026 सायं : 5:00
3. टेंडर खोलने की तिथि 03/11/2026 सायं : 5:30

श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् गुना (म.प्र)

पुरानी गल्ला मंडी की रामलीला 80वें वर्ष में पहुंची, भक्तिरस में डूबे दर्शक

नव कला मंडल के मंच पर भी सजी रामलीला, श्रद्धालु रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में दो प्रमुख स्थानों पर सनातन धर्म की ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार रामलीला महोत्सव का आगाज हुआ। सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी तथा सार्वजनिक नव कला मंडल एवं श्री रामलीला एवं दशहरा महोत्सव समिति के तत्वाधान में मंगलवार, 6 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ लीला का शुभारंभ हुआ।

दोनों ही मंचों पर प्रथम दिवस शिव-पार्वती संवाद और नारद मोह की अलौकिक लीला का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भक्तिरस में सराबोर हो गए। पुरानी गल्ला मंडी स्थित 80वें वर्ष के रामलीला मंचन की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान श्री गणेश व रामायण जी की आरती के साथ हुई। मंच पर माता पार्वती द्वारा भगवान शिव से रामकथा सुनाने के आग्रह और नारद मोह की मनमोहक लीला दिखाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि अरुण शर्मा, समिति संयोजक गोविंद सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन रूपश्री, डॉ. अनिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, ब्रजेश राठौर, दीपक सोनी, दामोदर शर्मा उपस्थित रहे। कलाकारों में महावीर जैन, हरवीर धाकड़, जमना लाल कुशवाह, रघुवीर ओझा, वैभव भार्गव, रुद्र भार्गव, रमेश जैन, घनश्याम रघुवंशी, राम सिंह धाकड़, रवि केवट, विराट केवट, कुलदीप भार्गव, चिरंजी लाल लोधा, दिनेश सेन, ओम यादव, अरविंद जैन, चंपालाल कुशवाह, श्रृंगारकर्ता मनोज, व्यास पीठ पर शंभू दयाल शर्मा और ढोलक वादक सुनील शर्मा प्रमुख रहे।



दूसरी ओर, सार्वजनिक नव कला मंडल के मंच पर गणेश वंदना के बाद कलाकारों ने भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर समिति संयोजक बृजेंद्र सिंह पवैया, अध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महामंत्री अमित शर्मा, सचिव निरंजन भाया, सह-सचिव नंद किशोर ओझा, कोषाध्यक्ष ओम लोधा, उपाध्यक्ष नारायण लाल मेयर, निर्देशक चंदन सिंह कुशवाह, सह-निर्देशक आसाराम, मंच संचालक रंजीत गुर्जर, दीपक शर्मा, मीडिया प्रभारी आनंद श्रीवास्तव और व्यास भगवत उपस्थित रहे। अतिथियों में संतोष नामदेव, ओंकारेश्वर शर्मा, राजेश कुशवाह, सुजान सिंह कुशवाह, गोपाल कृष्ण कुशवाह, भानु प्रताप चौरसिया, जितेंद्र रजक, अजय श्रीवास्तव, राजकुमार कबीर पंथी, मयंक शर्मा, बृजनारायण धाकड़, अमित तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

यूथ कॉन्क्लेव में शिक्षा, कौशल, रोजगार व नवाचार पर युवाओं से किया संवाद



चाचौड़ा। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 का लाइव प्रसारण मंगलवार को मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज में विद्यार्थियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित कॉन्क्लेव में युवाओं से शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, नवाचार एवं उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे विषयों पर संवाद किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और युवाओं के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों की जानकारी प्राप्त की। कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार, स्वरोजगार, स्टार्टअप, कौशल विकास एवं आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिली। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन की युवा-केंद्रित गतिविधियों से उन्हें लगातार जोड़ा जा रहा है।

समय पर रक्त उपलब्ध कराकर की मरीज की मदद, परिजनों ने जताया आभार



चाचौड़ा। गुना जिला अस्पताल में उपचाररत लक्ष्मीनारायण सेनी को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर बीनागंज से रक्त की व्यवस्था कराई गई। जानकारी मिलने पर मनोज शिवहरे और हेमंत गोर ने तत्परता दिखाते हुए रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग किया। समय पर रक्त की व्यवस्था होने से मरीज के उपचार में मदद मिली। परिजनों ने रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करने वाले मनोज शिवहरे और हेमंत गोर का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना की।

पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण उत्सव का आयोजन 10 अक्टूबर तक

गुना। जिले में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत ऋण उत्सव का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है, जो 10 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगा। इस ऋण उत्सव का मुख्य उद्देश्य योजना में पंजीकृत सभी पारंपरिक कारीगर एवं शिल्पकार हितग्राहियों को ऋण सुविधा का लाभ दिलाना एवं लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना है। जिले की समस्त बैंक शाखाओं में प्रतिदिन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। एलडीएम, गुना अजयपाल सिंह द्वारा जिले के समस्त हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा आयोजित कैंप में उपस्थित होकर अपने दस्तावेज आधार कार्ड, पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र एवं बैंक पासबुक के साथ संपर्क कर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

लाहोटी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र व दंत शिविर में की 284 मरीजों की जांच

28 मरीजों में मोतियाबिंद मिला, ऑपरेशन के लिए रेफर, जयवर्धन सिंह ने किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मदनमोहन लाहोटी की पुण्य स्मृति में मंगलवार को कोठी बाग स्थित प्रगति मानव सेवा संस्थान में लायंस क्लब गुना, प्रगति मानव सेवा संस्थान एवं लाहोटी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र एवं दंत रोग परीक्षण एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह ने किया।

इस अवसर पर विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि चुनौतीपूर्ण दौर में लायंस क्लब गुना द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब की सेवाओं का नेटवर्क बड़े शहरों से लेकर दुनिया के 210 देशों तक फैला हुआ है। उन्होंने स्व. मदनमोहन लाहोटी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहा। समाज के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। विधायक ने बताया कि इंटरनेशनल सहयोग से करीब 1 करोड़ 81 लाख रुपए की राशि उपलब्ध होने वाली है। इससे रेटिना एवं थैरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से लायंस क्लब गुना चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित करेगा।

शिविर में नेत्र एवं दंत रोग विशेषज्ञों द्वारा कुल 284 मरीजों का परीक्षण किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार दिया। जांच के दौरान 28 मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई, जिन्हें ऑपरेशन एवं आगामी उपचार के लिए गुना रेफर किया गया। वहीं, दंत रोग विशेषज्ञों ने भी मरीजों के दांतों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया। इस दौरान विधायक जयवर्धन सिंह एवं तपोनिष्ठ पं. गुड्डा महाराज सहित लायंस क्लब अध्यक्ष सुनील जैन, चिकित्सकों एवं क्लब सदस्यों का लाहोटी परिवार की ओर से सुरेंद्र कुमार लाहोटी ने स्वागत एवं सम्मान किया।

साइकिल से ज्योतिर्लिंग 4 धाम और 21 शक्तिपीठ की यात्रा कर लौटे शिवा

आरोन। तहसील के रिजोदा गांव निवासी एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के खंड अध्यक्ष शिवा ओझा ने करीब छह माह तक साइकिल से देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों की कठिन यात्रा पूरी की। उन्होंने 12 ज्योतिर्लिंग, 4 धाम और 21 शक्तिपीठों की यात्रा करीब 17 राज्यों से होते हुए पूरी की। यात्रा के दौरान कई कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद उनका संकल्प और दृढ़ निश्चय उन्हें आगे बढ़ाता रहा। शिवा ओझा ने बताया कि यात्रा के दौरान कई दिनों तक उन्हें भूखे रहना पड़ा। कई बार साइकिल खराब हुई और कई स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था नहीं मिल सकी। ऐसी परिस्थितियों में उन्होंने पेड़ के नीचे रात गुजारकर और कई दिनों तक केवल फल खाकर यात्रा जारी रखी। उन्होंने कहा कि भगवान महाकाल में पूर्ण विश्वास और मां बिजासन के आशीर्वाद से वह छह माह में यह यात्रा पूरी कर सके।

रामलीला में श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, लक्ष्मण-परशुराम संवाद हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



चंपावती नगरी में श्री आदर्श रामलीला मंडल द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में प्रतिदिन भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जनकपुरी में आयोजित धनुष यज्ञ और भगवान परशुराम एवं लक्ष्मण के बीच हुए संवाद का प्रभावशाली मंचन किया गया। रामलीला मंच पर राजा जनक द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ में अयोध्या के राजकुमार भगवान श्रीराम और लक्ष्मण सहित अनेक राजाओं का आगमन हुआ। भगवान शिव के विशाल धनुष को उठाने और प्रत्यंचा चढ़ाने में जब सभी राजा असफल रहे, तब भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष को उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाई, धनुष टूट गया। धनुष टूटते ही पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। भगवान शिव के धनुष टूटने की जानकारी मिलते ही भगवान परशुराम का जनकपुरी में आगमन हुआ। इसके बाद भगवान परशुराम और लक्ष्मण जी के बीच हुआ तीखा एवं रोचक संवाद दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय और संवाद अदायगी से पूरे प्रसंग को जीवंत कर दिया। इस ऐतिहासिक लीला को देखने के लिए रामलीला मैदान में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों ने पूरे प्रसंग का आनंद लिया और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्री आदर्श रामलीला मंडल के अध्यक्ष रिंकू राम जी ने कहा कि की रामलीला करीब 151 वर्षों की गौरवशाली परंपरा और धरोहर है। भगवान श्रीरामचंद्र जी के आशीर्वाद से रामलीला मंडल द्वारा इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार भव्य और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से इस ऐतिहासिक परंपरा को जीवंत रखा जाएगा।रामलीला के आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला मैदान पहुंचकर भगवान श्रीराम की विभिन्न लीलाओं का दर्शन कर रहे हैं।

सेवा संकल्प अभियान में मालवा कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी-अपनी प्रतिभा

बीनागंज। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मालवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बीनागंज में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रचनात्मकता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें वाद-विवाद, भाषण, पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'शिक्षा में AI का प्रयोग', जबकि भाषण प्रतियोगिता में 'वोकल फॉर लोकल', 'वीर-वीरांगनाएं', 'सरकारी योजना जागरूकता' एवं 'भारत में शिक्षा का महत्व' विषय रखे गए। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय '2047 में शिक्षा की परिकल्पना एवं डिजिटल शिक्षा' तथा रंगोली प्रतियोगिता का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित विकास' रखा गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया।

पीढ़ी अंतराल की चुनौतियों को सामंजस्य से सुलझाएं: मुनिश्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दिगंबर जैन आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य, महातपस्वी एवं ओजस्वी वक्ता मुनि श्रमण सागर महाराज ने 'पीढ़ी अंतराल में सामंजस्य' विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा कि पुरानी और नई पीढ़ी के बीच बढ़ रही समस्याओं को दूर करने के लिए सामंजस्य स्थापित करना आवश्यक हो गया है। पीढ़ी अंतराल आज सार्वभौमिक समस्या बन चुका है।

मुनि श्री ने कहा कि लगभग 20-20 वर्ष के अंतराल में समाज की सोच, रहन-सहन, खान-पान और कार्य-व्यवहार में बदलाव आया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 80 वर्ष पूर्व बारात बैलगाड़ी से जाती थी, 60 वर्ष पूर्व बस से, 40 वर्ष पूर्व जीप और कारों से जाने लगी और अब विवाह की परंपराओं में भी बदलाव दिखाई दे रहा है। इसी तरह पहले विवाह के लिए परिवार के लोग लड़की देखने जाते थे, फिर लड़का जाने लगा और अब नई पीढ़ी में जीवनसाथी का चयन स्वयं करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बदलाव के साथ पीढ़ियों के विचारों में भी अंतर आया है। पुरानी पीढ़ी को नई पीढ़ी की आदतें पसंद नहीं आतीं और नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परंपराओं को दकियानूसी मानती है।

सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई वापस नहीं हुई तो करेंगे हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने पटवारियों के विरुद्ध की जा रही सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों के विरोध में आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अशोकनगर द्वारा कलेक्टर के माध्यम से प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश शासन को पत्र भेजकर दंडात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान ज्ञापन भी सौंपा गया है।

संघ ने कहा है कि देवास जिले सहित प्रदेश के अन्य जिलों में "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026" सहित अन्य कार्यों को आधार बनाकर पटवारी साथियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघ का कहना है कि स्वामित्व योजना के निष्पादन से संबंधित विधिक एवं व्यावहारिक समस्याओं से शासन को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है, इसके बावजूद कार्रवाई किया जाना अत्यंत चिंताजनक है।

जिले के पटवारी 8 और 9 अक्टूबर को राजस्व कार्यों से विरत रहेंगे: संघ द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 7 अक्टूबर से प्रदेश का समस्त पटवारी संवर्ग सभी ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेगा व दंडात्मक कार्रवाइयां वापस लिए जाने तक शासकीय व्हाट्सऐप/अन्य समूहों से भी बाहर रहेगा। वहीं प्रांतीय आह्वान पर अशोकनगर जिले के समस्त पटवारी 8 व 9 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में प्रदेश के किसी भी जिले में पटवारियों के विरुद्ध ऐसी दंडात्मक कार्रवाई की जाती है तो बिना किसी पूर्व सूचना के प्रदेशभर के पटवारी तत्काल टोटल शटडाउन एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए बाध्य होंगे।

कार्रवाई वापस नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक होगा जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी: मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला अशोकनगर के जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने कहा कि, "पटवारी लगातार शासन की योजनाओं और राजस्व कार्यों को पूरी जिम्मेदारी एवं मेहनत के साथ पूरा करते आए हैं। स्वामित्व योजना से संबंधित व्यावहारिक एवं कानूनी समस्याओं की जानकारी शासन को पहले ही दी जा चुकी है। इसके बावजूद पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन जैसी कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी।



पॉलीटेक्निक में किया साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोकनगर के जिला प्रशिक्षक निरपाल सिंह पवार ई-दक्ष केंद्र से विषय विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। पवार द्वारा साइबर क्षेत्र में होने वाले अपराधों के बारे में विशेष चर्चा की गई और इन अपराधों से युवा किस प्रकार से बचते हुए आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग कर सकते हैं इस बारे में बताया।

छात्र-छात्राओं के बीच यह विषय अत्यंत रोचक रहा, इसलिए कई प्रकार की जिज्ञासाएं भी विषय विशेषज्ञ के सामने छात्र-छात्राओं के द्वारा रखी गई। जिनका समाधान निरपाल सिंह द्वारा दिया गया। कई प्रकार के सुझाव जैसे की स्मार्टफोन गुम हो जाने पर क्या करना है, कोई हमारे इमेज फोटो वीडियो का गलत उपयोग करता है तब क्या करना चाहिए, यदि कोई हमारे सोशल अकाउंट ई-मेल आदि को हैक कर लेता तो उसे स्थिति में क्या करना है आदि जिज्ञासाओं का पवार द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष सचिन शर्मा, इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष मोनेश जैन, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर मनीष वैद्य, सीताराम चौहान, कृष्णकांत अहिरवार, आशु गुरहा, अंकित साहू, नागेंद्र धूपर, हेमंत सुमन, अंकुर सोनी आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर एक आरोपी किया गिरफ्तार, आभूषण बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना शाढौरा द्वारा चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये कीमत के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी राशि बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.08.2026 को फरियादी सोनू पुत्र सीताराम अहिरवार, निवासी ग्राम मथनेर द्वारा थाना शाढौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मकान के कमरे का ताला तोड़कर सोने एवं चांदी के आभूषण चोरी कर लिए गए हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाढौरा में बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण में आरोपी की गिरफ्तारी एवं पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा ईनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना प्रभारी शाढौरा को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना शाढौरा पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया।

विवेचना के दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों के आधार पर संदेही नंदकिशोर पुत्र सुजानसिंह रघुवंशी, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम मथनेर, थाना शाढौरा, जिला अशोकनगर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर पुलिस द्वारा उसके कब्जे से चोरी गया माल बरामद किया गया, जिसमें चांदी की चूड़ियां, पायल, करधौनी, ब्रेसलेट, बिछुड़ी, रिंग, सोने के टॉप्स, नगदी राशि 2,000 सहित कुल करीब 2,00,000 की राशि बरामद की गई है।

छूटे हुए मतदाताओं व 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची में नाम जोडे जाने हेतु 28 सितंबर से 10 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 7 से 9 अक्टूबर तक विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे है जिसमें 18-19 आयु वर्ग के एवं मतदाता सूची से छूटे हुए व्यक्तियों के फार्म-6 भरवाये जाकर नाम जोडने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय ने अपील करते हुए कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, वह मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। साथ ही 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में बीएलओ के माध्यम तथा ऑनलाइन आवेदनः के माध्यम से कर सकते हैं।

भावों की पूर्णता के बिना आज तक कोई भी भगवान नहीं बना है : मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि भगवान बनने की प्रक्रिया सामान्य नहीं है, आज कितने ही साधक इस सम्यक प्रक्रिया को नही जानने के कारण यूं ही भटक रहे हैं। आचार्यों ने कहा है सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्राणि मोक्षमार्गः। अर्थात सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ही मोक्ष का मार्ग है, भगवान बनने का मार्ग है। यह भाव ही आपको भगवान बना सकते हैं। इन भावों की पूर्णता के बिना आज तक कोई भी भगवान नही बना है। इन भावों के बिना स्वयं भगवान भी आपको भगवान नही बना सकते हैं।



उन्होंने बताया कि आचार्यों ने कहा है विधि द्रव्य दातृपात्र विशेषात तद्विशेषः। अर्थात विधि यानी प्रक्रिया विशेष, द्रव्य विशेष, दाता विशेष, पात्र विशेष। किसी भी कार्य को सम्पन्न करने के कुछ कारण होते हैं। इन सब कारणों में विशेषता आने से कार्य में भी विशेषता आ जाती है। हर कार्य को करने की एक सही प्रक्रिया यानी विधि होती है उस विधि के अनुरूप जब कार्य होता है, तो कार्य एकदम सही होता है। विधि के अनुरूप उसकी द्रव्य यानी सामाग्री होनी चाहिये। अगर विधि सही हो और सामाग्री सही ना हो तो वह कार्य भी सही नही हो पायेगा। इसके बाद नम्बर आता है दाता का उस सामाग्री को देने वाला दाता कौन है। अगर आपको सामाग्री को देने वाला दाता सही और ईमानदार है तो कार्य बहुत अच्छी गुणवत्ता वाला होगा। अब अन्त में नम्बर आता है पात्र विशेष का। आपकी विधि सही है, सामाग्री सही है, सामाग्री का दाता है परन्तु सामाग्री का उपयोगकर्ता यानी अगर सही है, वह उसका सही इस्तेमाल करना जानता है, अर्थात सामाग्री सही हाथों में पहुँच गयी तो ही कार्य भी विशेष माना जाता है। इसलिये भगवान बनने की विधि का ज्ञान नितान्त आवश्यक है।

79 वर्षों से लगातार जारी है रामलीला

अशोकनगर में रामलीला का गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में पिछले 79 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन किया जा रहा है। बीती रात सुभाषगंज के मैदान में शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने रामलीला के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला और कलाकारों के समर्पण की सराहना की।

इस मौके पर विधायक हरिबाबू राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्राजंल जैन, मंडल के अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह यादव, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन, आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मण्डल के सचिव रजनीश सिंघई ने किया। इस मौके पर भक्ति भाव से रामायण जी की आरती की गई। इस मौके पर गणेश बंदना का आयोजन हुआ। इस





दौरान भगवान गणपति जी की आरती की गई, इस दौरान प्रतिपक्ष के नेता रीतेश जैन, रामलीला के डायरेक्टर प्रमेन्द्र शर्मा, अर्जुन चैधरी आदि शामिल थे। इस मौके पर शिव पावर्ती जी की आरती की गई और नारद मोह का मंचन किया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में रामलीला के 79 वर्षों तक लगातार संचालन की प्रशंसा की और कहा कि रामलीला अगर चल रही है तो इसमें कलाकारों और आयोजकों की मेहनत है। इस मौके पर मण्डल के सभी कलाकारों, लीला निर्देशक और नृत्य कलाकारों ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान कथा वाचक चन्द्रमोहन मिश्रा ने चैपाइयों का गायन किया, इस दौरान रामायण जी की आरती भी की गई। यह रामलीला विजया दशमी के पर्व तक चलेगी।

खबर संक्षेप

अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में मिला है, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार बुधवार को सेवा संकल्प अभियान 2026 के अन्तर्गत स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुक्ति परमार एडवोकेट एवं महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. गरिमा राठौर की अध्यक्षता, व नोडल अधिकारी बहादुरसिंह, डावर के मार्गदर्शन में उपरोक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुक्ति परमार एडवोकेट के द्वारा महिलाओं स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता जागरूकता पर अपना उद्धबोधन दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. जयदीप पाराशर, डॉ. अनिलसिंह तोमर, रिचर्ड डिंडोर, सुरभि नामदेव बलवीरसिंह जाटव, अरविन्द जोशी,पवन लोधी एवं अभिषेक बाल्मीकि तथा विद्यार्थीगण ने भाग लिया।

डीएपी खाद मिलने पर महिला पर मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत 4 अक्टूबर को राजोबाई पत्नि फूल सिंह आदिवासी निवासी ग्राम बरबाह के निमार्णाधीन मकान में डीएपी खाद की 52 बोरियां का अवैध रूप से भण्डारण किया गया था। जिस पर से पुलिस ने महिला पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

एक कार ने दूसरी कार में टक्कर मारी

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम जतौली निवासी अनुर्ज सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मां कान्वेंट स्कूल के पास एक सफेद रंग की कार जिसका नंबर एमपी04 जेडके 9508 है के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी कार में टक्कर मार दी। जिस पर से पुलिस ने आरोपी कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

बाईक से 85 वर्षीय महिला नीचे गिरी उपचार के दौरान मौत

अशोकनगर। जिले के सिलावन चारौदा गांव के समीप एक 85 वर्षीय महिला भजन बाई कोरी निवासी यादव कॉलोनी अशोकनगर की बाईक से नीचे गिरने से मौत हो गई। महिला कार्यक्रमों में पूरी बनाने का काम करती थी, वह काम के बाद बाईक से अपने घर वापिस लौट रही थी, तभी अचानक बाईक से नीचे गिर गई जिससे उसके सिर में चोटे आईं थी। महिला को पहले शाढ़ौरा अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, वहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी अरबिंद समाधिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनुराग यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा कॉलोनी निवासी सुनील अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पीलीघटा निवासी सतेन्द्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और उसका कान काट लिया। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी अमन बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोविन्द अहिरवार व उसके भाई ने उससे मारपीट की बाईक में तोड़ फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी।

जानबूझकर हाईरिस्क गर्भवती बन रहीं महिलाएं, अकेले बहादुरपुर में एक दर्जन केस

बेटे की उम्मीद में जान दांव पर लगा रहीं महिलाएं, परिवार नियोजन से भी दूरी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीते 2 अक्टूबर को चंदेरी ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला जिला अस्पताल अशोकनगर में प्रसवोपरांत दूसरी संतान के रूप में भी बेटी के जन्म लेने पर सामाजिक दबाव के आगे विचलित हो गई और बेटी का गला घोंट दिया। इस सनसनीखेज मामले के बाद 'पुत्रमोह' की कुरीति के संबंध में जब आसपास नजर दौड़ाई गई तो सामने आया कि छोटे से कस्बे बहादुरपुर में ही कम से कम एक दर्जन ऐसे प्रकरण हैं, जहां एक के बाद एक बेटियों के जन्म लेने पर भी बेटे की उम्मीद नहीं टूटी है और महिलाएं 45 से अधिक की उम्र में भी हाईरिस्क गर्भवती बनकर जान को दांव पर लगा रही हैं।

बहादुरपुर जैसे छोटे से कस्बे में आशा कार्यकर्ताओं ने ऐसी 12 महिलाओं को चिन्हित किया है जिनके घर में 3 से लेकर 9 तक बेटियां ही बेटियां हैं, फिर भी परिवार नियोजन अपनाने के बजाय बेटे की आस में लगातार परिवार बढ़ाया जा रहा है। इन महिलाओं में 6 की 3-3 बेटियां, 3 महिलाओं की 4-4 एवं 4 महिलाओं की इनसे अधिक बेटियां हैं।



ग्रामीण क्षेत्र में हालत और भी बुरी

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने वालीं नर्सिंग ऑफीसर गायत्री देशमुख ने बताया कि प्रतिमाह कम से कम 15 से 20 महिलाएं इसी तरह की आती हैं, जिन्हे हाईरिस्क में रखा गया है। उन्होंने बताया कि कई महिलाओं के तो 10-10 प्रसव हो चुके हैं। मेडिकल ऑफीसर डॉ यषवंत सिंह तोमर का कहना है कि इतनी बार प्रसव से महिला का शरीर अंदर से पूरी तरह कमजोर हो जाता है। खून की कमी, बच्चेदानी फटने का खतरा और डिलीवरी के समय अत्यधिक रक्तस्राव से मौत का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

परिवार नियोजन के लिए तैयार ही नहीं

आशा कार्यकर्ताओं के मुताबिक इन सभी महिलाओं को कई बार समझाया गया, काउंसलिंग की गई, लेकिन जवाब एक ही मिलता है 'इस बार बेटा हो जाएगा।' आषा कार्यकर्ता सावित्री अहिरवार एवं शांति वशिष्ठ ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में ग्रामीण महिलाएं भी परिवार नियोजन की दिशा में सकारात्मक हुई हैं लेकिन उनमें सौ फीसदी संख्या उन महिलाओं की है, जिनकी दो संतानों में या तो बेटा-बेटी हुए या फिर दोनों बेटे हुए। ऐसी दर्जनों महिलाएं हैं, जिन्होंने दो-दो बेटियां होने के बाद परिवार नियोजन नहीं अपनाया गया।

त्योहारों को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



ईसागढ़। आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर थाना ईसागढ़ में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार ऋतु परमार थाना प्रभारी मनीष गुर्जर नगर परिषद सीएमओ पूरन सिंह कुशवाह जे ई लखन आदिवासी की उपस्थिति में नगर के गणमान्य नागरिकों ने नवरात्रि झांकी के दौरान जो समस्या आती है उनके बारे में जानकारी दी और उन समस्याओं का समाधान हेतु नगर वासियों को आश्वासन दिया गया जिसमे सड़क के गड्ढे बिजली और विसर्जन कुंड एवं मुख्य मार्गो पर हो रहे अतिक्रमण ट्रैफिक जाम एवं शहर की निगरानी के लिए नगर में लगे कैमरों को सुचारू रूप से चालू करने की बात कही बैठक में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, त्यौहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, आपसी सद्भाव तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में पत्रकार बंधुओं के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी। थाना प्रभारी मनीष गुर्जर ने सभी पत्रकार महानुभावों एवं गणमान्य नागरिकों से बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने सभी से अपील की है कि आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सद्भाव के साथ मनाएं और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ करेगा देश व्यापी आंदोलन

देश के ड्राइवर की मांगों को लेकर जूम बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ का एक दिवसीय देशव्यापी आंदोलन 19 नवम्बर को भारत की राजधानी दिल्ली के जंतर मंतर मैदान में रखा गया है। जिसे लेकर एक जूम बैठक आयोजित की गई, इस बैठक में देशभर के महासंघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री हरिसिंह रघुवंशी (हैरी) द्वारा बताया गया कि आदौलन की तैयारी के संबंध में अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ की जूम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 18 प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बहुत सहा है, अब न सहेंगे, चालक परिचालक कल्याण बोर्ड लेकर रहेंगे। देश में परिवहन क्षेत्र में ज्वलनशील समस्याओं को लेकर एवं कुम्भकरण की नींद सोई हुई सरकार को जगाने तथा चुनाव के समय किये हुए वादे व घोषणाओं को पूर्ण कराने के लिए अखिल



भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ द्वारा महा आंदोलन किया जा रहा। जो सरकारे हमें चुनाव के समय पर याद करती है और चुनाव के उपरांत भूल जाती हैं। जिसके चलते चालकों में बहुत रोश व्याप्त है, शासन प्रशासन में चालक बंधुओं की कोई सुनवाई नहीं हो रही है और उनका शोषण लगातार हो रहा है।

देश के ड्राइवर की मांगों और समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ द्वारा आखिल भारतीय जूम बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय प्राइवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के अध्यक्ष योगेश कुमार शर्मा द्वारा की गई। बैठक का संचालन अखिल भारतीय महामंत्री रबिशंकर अल्लूरी द्वारा किया गया बैठक दौरान मार्गदर्शन जिनका प्राप्त हुआ प्राइवेट सेक्टर के अखिल भारतीय प्रभारी बी.आर बछायनी एवं अखिल भारतीय उपाध्यक्ष गीता सोनी अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष दीपक शर्मा अखिल भारतीय मंत्री युगराज राणावत अखिल भारतीय कार्यालय मंत्री नवीन शर्मा आदि का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक दौरान अतिथियों द्वारा सभी प्रदेशों से अधिक से अधिक संख्या में 19 नवंबर को जंतर मंतर दिल्ली पहुंचने की अपील की गई।

जिले में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप जारी

अशोकनगर। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन और जिला रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप आज 07 अक्टूबर 2026 से जनपद पंचायत स्तर पर भर्ती कैंप लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी बी. एस. मीणा ने बताया अगला कैंप 08 अक्टूबर 2026 को आजीविका भवन शाढोरा तथा 09 अक्टूबर 2026 को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक जनपद पंचायत आजीविका भवन अशोक नगर में अयोजन किया जावेगा। शिविर में चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, इंदौर, उज्जैन, गुना, आगर मालवा, राजगढ़ ,खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, भोपाल एम्स, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि। 15000 से 25000 की सैलरी पर रखा जाएगा।

सीएमओ के खिलाफ 19 पार्षद लामबंद, तीन दिन का अल्टीमेटम

परिषद की अनदेखी का आरोप, मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो निंदा प्रस्ताव लाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर पालिका परिषद चंदेरी में निर्वाचित परिषद और प्रशासन के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। परिषद के 19 पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए परिषद के निर्णयों की कथित अनदेखी का आरोप लगाया है। पार्षदों ने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि इस अवधि में संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई नहीं हुई तो परिषद की बैठक में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा।

पार्षदों का मुख्य आरोप हड़ताली कर्मचारियों के मामले को लेकर है। उनका कहना है कि प्रशासन इस मुद्दे पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसके अलावा 10 दिसंबर 2025 को हुई परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन को लेकर भी पार्षदों ने सवाल उठाए हैं। उनके अनुसार बैठक में निर्णय लिए जाने के बावजूद कई मामलों में अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षदों



ने इसे परिषद के अधिकार और निर्णय प्रक्रिया की अनदेखी बताते हुए नाराजगी जताई है। 19 पार्षदों के एक साथ सामने आने से नगर पालिका का राजनीतिक माहौल भी गरमा गया है। हालांकि, पूरे मामले में प्रशासन का पक्ष सामने आना बाकी है।

तीन दिन में समाधान की मांग

पार्षदों ने स्पष्ट किया है कि वे तीन दिन तक प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार करेंगे। निर्धारित अवधि में यदि हड़ताली कर्मचारियों से जुड़े मामले और परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो निंदा प्रस्ताव की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। अब मामला प्रशासन के अगले कदम पर टिक गया है। एक ओर पार्षद परिषद के निर्णयों के पालन को लेकर दबाव बना रहे हैं, वहीं प्रशासन के सामने इस विवाद को बातचीत और कार्रवाई के जरिए सुलझाने की चुनौती है। यदि समयसीमा के भीतर समाधान नहीं निकला तो परिषद की आगामी बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठना तय माना जा रहा है। यह है मामला चंदेरी नगर पालिका में जब से प्रदीप शर्मा पदस्थ हैं उसके बाद से लगभग पांच बार कर्मचारियों की हड़ताल हो चुकी है हर बार मुद्दा कर्मचारियों को हटाने एवं वेतन कर रहा है विगत वर्ष में भी एक बहुत लंबी चली हड़ताल के बाद 23 नवंबर 2025 को समझौता भी हुआ था लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला है।

सेवा ज्योति यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन दिखाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला मुख्यालय अषोकनगर के विमानों के चबूतरा पछाड़ीखेड़ा में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कार्य किया गया।

प्रधानमंत्री के वुर्चअल संबोधन का हुआ लाईव प्रसारण

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम डॉ. केपी यादव द्वारा उपस्थित जनों को

तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सेवा ज्योति रथ रवाना किए गए





विकसित भारत द्वारा 2047 का संकल्प दिलाया गया। भारत संकल्प सभा कार्यक्रम में पूर्व सांसद तथा नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ केपी यादव, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व विधायक लड्डूराम कोरी, गजराम सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव,प्रदेश महामंत्री भाजपा पिछडा. वर्ग मोर्चा रविन्द्र लोधी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल प्रज्वलित कर अशोकनगर जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए सेवा ज्योति यात्रा रथों को रवाना किया गया।

सेवा ज्योति रथ तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए रवाना

सेवा ज्योति रथ तीनों विधानसभा क्षेत्र में क्षेत्रों में जनक्षेत्र, सहभागिता और विकसित भारत के संकल्प का संदेश पहुंचाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्-एवं समापन अवसर पर राष्ट्रगान जन-गण-गन का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह आदि रहे मौजूद।



गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ताओं ने कोलुआ रोड़ पर जाम लगाया

अशोकनगर। जिले में घरेलु गैस सिलेण्डर समय पर न मिलने के कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, गैस एजेंसियों पर शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके बाद उपभोक्ताओं ने सड़क पर जाम लगाया, और गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की मांग की जिसके बाद पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया गया। यह जाम बाबा गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर मैन रोड़ पर लगाया गया था, उपभोक्ताओं का कहना है कि न तो उन्हें यह बताया जा रहा है कि उन्हे गैस सिलेण्डर कब मिलेगा, जिन उपभोक्ताओं द्वारा बुकिंग की गई है उन्हें पहले सिलेण्डर न देकर अन्य लोगों को सिलेण्डर प्रदान किए जा रहे हैं। वह गैस एजेंसी के चक्कर लगाते लगाते परेशान हैं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिसके कारण मजबूरी में उन्हें जाम लगाने पर विवश होना पड़ा।

पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश

वन्यजीवन विकास थीम पर छात्राओं ने बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अशोकनगर, सामान्य वन मंडल अशोकनगर द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह आयोजन उपवनमंडल अधिकारी अशोकनगर नरेन्द्र कुमार चैहान एवं वन परिक्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सरबैया के कुशल मार्गदर्शन एवं गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जगाई जागरूकता

इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह की मुख्य



थीम जुड़े आवास- वन्यजीव का विकास (हमें भी जीने का हक है) रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि पारिस्थितिकी तंत्र और पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वन्यजीवों और उनके प्राकृतिक आवासों को बचाना बेहद जरूरी है। विद्यालयों में ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शुरुआत से ही प्रकृति और जीवों के प्रति दया, संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना विकसित करना है।

छात्राओं ने दिखाया हुनर और ज्ञान

चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से कैनवास पर मोर, बाघ, हिरण, घने जंगलों और प्राकृतिक दृश्यों के सुंदर चित्र बनाकर हमें भी जीने का हक है का संदेश दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं ने वन्यजीवों, उनके आवास और वन संरक्षण से जुड़े प्रश्नों के उत्साहपूर्वक उत्तर देकर अपने ज्ञान का परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंत में वन विभाग के अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और कलाकृतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग का अमला, विद्यालय का शिक्षण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

भारतीय जैन मिलन की बैठक में देशभर से 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन की इस सत्र में द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सवाई माधोपुर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन ने मीटिंग की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम भगवान महावीर स्वामी की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश,हरियाणा, उत्तराखंड मध्यप्रदेश दिल्ली एनसीआर राजस्थान सहित पूरे देश से 250 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर सुरेश जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए जैन समाज की एकता पर बल दिया। उन्होंने आव्हान किया कि हम सब जैन है, हम सब एक हैं,समाज के उत्थान के लिए एकजुट होकर जनहित के कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने सभी जैन बंधुओ से राष्ट्रीय जनगणना में धर्म के कालम में जैन , जाति के कालम में जैन का उल्लेख करने का आव्हान किया जिसे सदन ने संकल्प के साथ पारित किया।

राष्ट्रीय महामंत्री प्रशासन वीर अजय जैन सहारनपुर ने इस वर्ष में सम्पूर्ण देश की शाखाओं ने किये गये कार्यों की रिपोर्ट सदन में रखी तथा आगामी कार्यक्रम



पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन अशोकनगर ने श्रुत पंचमी पर हुए णमोकार महामंत्र प्रतियोगिता के पुरूस्कार ड्रा द्वारा निकलवाए एवं गत बैठक की कार्यवाही का वाचन किया जिसकी सदन द्वारा ध्वनि मत से पुष्टि की गई। इस बैठक में भारतीय जैन मिलन के वर्ष 2025-26 का आय व्यय राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन द्वारा प्रस्तुत किया जिसे पास किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय विशिष्ट संरक्षक विजय जैन गुना, नरेश जैन देहरादून, सुरेन्द्र जैन सहादरा दिल्ली,महेन्द्र जैन एडवोकेट ग्वालियर,कमलेन्द्र जैन सागर, राजेश जैन ग्वालियर, संजय जैन दिल्ली राष्ट्रीय निर्वाचित पदाधिकारियों ने भाग लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रकाश जैन ने राजस्थान में भारतीय जैन मिलन द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। भारतीय जैन मिलन सवाई माधोपुर शाखा के जिला अध्यक्ष वीर विनोद जैन ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी का स्वागत किया। बैठक से पूर्व स्वच्छ भारत अभियान को लेकर भारतीय जैन मिलन की ओर से रणथंभौर रोड पर रैली निकाली गई।

फलौदी सुपर बाजार में भीषण आग, व्यापारी ने किया 50 लाख के नुकसान का दावा

आग से नाराज व्यापारियों ने दुकानें बंद की, विरोध प्रदर्शन किया-चक्काजाम कर, नपा में जड़ा ताला



फटा था दमकल का होज पाइप, लोगों ने खुद संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

बुधवार सुबह गायत्री कॉलोनी स्थित फलोदी सुपर बाजार में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखा किराना, खाद्य तेल, कॉस्मेटिक सामान और नवरात्रि की बिक्री के लिए एक दिन पहले ही लाया गया नया माल जलकर खाक हो गया। दुकान संचालक शीर्षक उर्फ जीतू गुप्ता ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान की बात कही है। आग की घटना के बाद दमकल व्यवस्था को लेकर नगर परिषद के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। दुकानदार और प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोप लगाया कि सूचना के करीब आधे घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। दमकल का होज पाइप फटा हुआ था और पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बन रहा था। लोगों को खुद पाइप संभालकर आग बुझाने में मदद करनी पड़ी। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार नगर परिषद की दमकल पहुंची तो उसका होज पाइप क्षतिग्रस्त था। पानी का पर्याप्त प्रेशर नहीं बनने से आग पर प्रभावी तरीके से पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने खुद पाइप संभाला और पानी दुकान तक पहुंचाने का प्रयास किया।आग बढ़ती देख पीछे की ओर से टिन शेड तोड़कर पानी अंदर डालने की कोशिश भी की गई। बाद में जीरापुर से दूसरी दमकल और निजी पानी के टैंकर बुलाए गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकांश सामान जल चुका था। आग से टिन शेड भी क्षतिग्रस्त हुआ।

एसडीएम के सामने छलका दुकानदार का दर्द

आग बुझने के बाद एसडीएम ज्योति राजोरिया मौके पर पहुंचीं। इस दौरान दुकानदार ने दमकल व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। वह भावुक होकर एसडीएम से दमकल के फटे पाइप की शिकायत करते हुए नुकसान की बात कहने लगा।दुकानदार ने करीब 50 लाख रुपए के नुकसान का दावा करते हुए कहा कि यदि दमकल की व्यवस्था समय पर और सही स्थिति में होती तो नुकसान कम हो सकता था। उसने प्रशासन से मामले की जांच और उचित राहत की मांग की।

नगर परिषद कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी, गेट पर लगाया ताला

आग की घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर परिषद की दमकल व्यवस्था को लेकर आक्रोश बढ़ गया। लोग नारेबाजी करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कार्यालय में दो कर्मचारियों के अलावा कोई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था।लोगों ने कार्यालय के अंदर नारेबाजी की और बाद में मुख्य गेट पर ताला लगा दिया।

व्यापारियों ने दुकानें बंद कर लगाया जाम

घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग प्रदर्शन में शामिल हो गए। कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। प्रदर्शनकारी जीरापुर रोड पर बैठ गए, जिससे सड़क पर बसों और ट्रकों की कतार लग गई तथा यातायात प्रभावित हुआ।प्रदर्शनकारियों ने दमकल व्यवस्था की जांच, लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने और दुकानदार को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन से कार्रवाई का आश्वासन मांगा। स्थिति को देखते हुए खिलचीपुर टीआई कमल सिंह गेहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। बाद में भोजपुर, जीरापुर, बोड़ा और कालीपीठ थानों के पुलिस बल के साथ पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया। तहसीलदार अनिल शर्मा, नायब तहसीलदार और टीआई कमल सिंह गेहलोत ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। बाद में एसडीएम ज्योति राजोरिया भी मौके पर पहुंचीं। करीब दो से ढाई घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद राजगढ़ से डिप्टी कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे।प्रशासन ने आग की घटना और दमकल व्यवस्था की जांच के लिए टीम गठित करने तथा दुकानदार को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने के लिए कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ और जीरापुर रोड पर यातायात बहाल हो सका।

शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच के बाद स्पष्ट होगा कारण

प्रारंभिक जानकारी में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार गायत्री कॉलोनी में दुकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की केबल कई जगह से कटी हुई है। हालांकि आग का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।जांच में आग लगने के कारण के साथ दमकल के मौके पर पहुंचने में लगे समय, दमकल की तकनीकी स्थिति और पानी के प्रेशर सहित अन्य व्यवस्थाओं की भी जांच की जाएगी।

अनिश्चितकालीन हड़ताल

जांच सेवाएं कर दी बंद, पैथोलॉजी लैब संचालक चाहते मांगों का निराकरण



समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पैथोलॉजी लैब संचालकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सारंगपुर पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। एसोसिएशन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगपुर के सीबीएमओ को सौंपे गए आवेदन में हड़ताल की सूचना दी गई है। हड़ताल के चलते नगर की समस्त संबंधित पैथोलॉजी लैबों में नियमित जांच सेवाएं बंद रखी गईं। एसोसिएशन के आवेदन के अनुसार पूजा पैथोलॉजी लैब, सारंगपुर को सील किए जाने एवं पैथोलॉजी लैबों से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 7 अक्टूबर से सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि लैब संचालकों ने अब अनिश्चितकालीन रूप से सेवाएं बंद रखने की बात कही है। एसोसिएशन का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होता, तब तक संबंधित पैथोलॉजी लैब संचालकों द्वारा नियमित पैथोलॉजी सेवाएं स्थगित रखी जाएंगी। हड़ताल को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संचालित करने की बात भी आवेदन में कही गई है। बुधवार को हड़ताल के कारण सारंगपुर में निजी पैथोलॉजी जांच सेवाएं प्रभावित रहीं। विभिन्न जांचों के लिए निजी लैब पहुंचने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मरीजों को जांच के लिए अस्पताल अथवा अन्य उपलब्ध विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ा। एसोसिएशन ने सीबीएमओ को आवेदन देकर हड़ताल की पूर्व सूचना देते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

नवरात्रि व दशहरा पर्व को सौहार्द्र से मनाने शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर।



आगामी नवरात्रि का पावन त्यौहार एवं विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने हेतु पुलिस थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था , यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा आपसी सौहार्द कायम रखने को लेकर चर्चा की गई।जहां पर भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र एवं रामलीला मंडल के सचिव मोहनलाल पुष्पद ने कहा कि राम जी की सवारी के आगे रावण का त नहीं होना चाहिए रामजी की सवारी से बड़ा जुलूस रावण का यह गलत परम्परा है। रावण के जुलूस का मार्ग अलग मार्ग से होना चाहिए।बैठक में थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम टांक, कमल सिंह पवांर, मोहनलाल पुष्पद ,एएसआई अरुण जाट,सुजान गुर्जर, आराधना शर्मा, कमल झावा, विद्युत मंडल के जेई सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

गणेश उत्सव व नवदुर्गा उत्सव समितियों अखाड़ा के गुरु का होगा सम्मान

दशहरा महोत्सव को लेकर परंपरागत होगा रामलीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़



रामलीला एवं दशहरा उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक धर्मशाला हनुमान मंदिर में मंगलवार को शाम सात बजे हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां पर हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए मोहन शर्मा ने कहा कि रामलीला का मंचन गुरुवार रात्रि 8 बजे से प्रारंभ हो होगा वहीं दशहरा उत्सव का चल समारोह परंपरागत रूप से निकाला जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर नगर पालिका द्वारा भी समस्त तैयारी कर ली गई है रावण के पुतले का निर्माण तथा आतिशबाजी की निवेदिताएं भी स्वीकृत हो चुकी है रावण के पुतले का निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। थावरिया स्थित रघुनाथ जी का चल समारोह शाम चार बजे प्रारंभ होगा हिंदू उत्सव समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया है कि सभी सदस्य गण पदाधिकारी 3बजे रघुनाथजी के मंदिर पहुंचे जहां पर आरती के पश्चात गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी के साथ ही रघुनाथजी महाराज का चल समारोह बैंड बाजे ढोल तथा अखाड़े के साथ प्रारंभ होगा जो शाम 7बजे दशहरा मैदान पहुंचेगा जहां पर संचालित अखाड़ा के गुरुओ का सम्मान वहीं पर किया जाएगा। साथ ही आकर्षक आतिशबाजी के साथ भगवान श्रीराम द्वारा रावण दहन किया जाने के पश्चात हिंदू उत्सव समिति सदस्यों द्वारा आरती की जाएगी। हिंदू उत्सव समिति की बैठक में सभी बिंदुओं पर सिलसिले बार चर्चा के पश्चात सभी व्यवस्थाओं को मूर्त रूप दिया जा चुका है।

वही इस बार गणेश उत्सव समिति तथा नवदुर्गा उत्सव समितियों को तथा रामलीला के कलाकारों को 12 अक्टूबर को पुरानी कोतवाली में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में रामलीला मंचन समिति सदस्य चेतन त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष लोकेंद्र वर्मा, जमात मंदिर महंत दीपेंद्रदास, नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन, विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भरत झवर, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, हिंदू उत्सव समिति सदस्य राजेश भंडारी, श्रीमती मंजुलता शिवहरे, सत्येंद्रसिंह राठौड़, रमेश मालवीय, शिव वैध, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र उपाध्याय, नपा उपाध्यक्ष मनोज महावर, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता, मनोज जितेन्द्र गुप्ता सहित नगर के गणमान्य नागरिक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

चिकित्सकीय मूल्यांकन में 127 बच्चों का पंजीयन, 93 उपकरणों के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



समग्र शिक्षा अभियान के समावेशित शिक्षा कार्यक्रम के तहत बुधवार को जनपद शिक्षा केंद्र में कक्षा 1 से 8 तक के शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। एलिम्को टीम उज्जैन एवं जिला मेडिकल बोर्ड राजगढ़ के सहयोग से आयोजित शिविर में 127 बच्चों का पंजीयन किया गया।चिकित्सकीय जांच एवं परीक्षण के बाद 93 बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। चयनित बच्चों को करीब दो माह बाद आयोजित होने वाले उपकरण वितरण शिविर में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में चिकित्सकों ने बच्चों की शारीरिक स्थिति एवं जरूरत के अनुसार परीक्षण किया। शासन की योजना के तहत शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा से जोड़ना तथा उनकी दैनिक गतिविधियों को आसान बनाना है। शिविर का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक ऋषि कुमार शर्मा, एपीसी आईईडी सारिका पंचोली, बीईओ सुरेश विरमाल एवं बीआरसी बीएल वर्मा ने किया। संचालन ब्लॉक एमआरसी रामकृष्ण पाटीदार ने किया। चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपकरण चिन्हांकन का कार्य एलिम्को उज्जैन की डॉ. गीतांजलि, मनोज कुमार, विपिन कुमार एवं राजेंद्र पांडे तथा जिला मेडिकल बोर्ड के डॉ. अभिषेक सिलोटिया, डॉ. शरद शाहू, डॉ. अंकित यादव, डॉ. नीरज यादव एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की रश्मि कदावा ने किया। पंजीयन कार्य में मुकेश बड़गोतिया, सविता चैहान, सुनीता मालवीय, उषा मेढे आदि मौजूद रहे।

श्री सेन महाकुंभ में समाजसेवी चौहान का नागरिक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



देशभर के सेन समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से राजस्थान के भीलवाड़ा में दो दिवसीय राष्ट्रीय वैचारिक-अमृत मंथन श्री सेन महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमेंटी देश के विभिन्न राज्यों से सेन समाज के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 1008 श्री सैनाचार्य श्री अचलानंदजी महाराज, जोधपुर पीठ एवं पूज्य डॉ. संपूर्णानंद गिरीजी महाराज, अलवर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय सेन समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुखराज राठौर, भुसावल-महाराष्ट्र एवं राजस्थान केश कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मोहन मोरवाल ने की। महाकुंभ में देशभर के सेन समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अखिल भारतीय संयुक्त सेन समाज परिसंघ की स्थापना को मूर्त रूप दिया गया। इसके लिए भीलवाड़ा के सुरेश कुमार सेन को राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग से ओ.पी. सेन भोपाल, सुरेश चैहान राजगढ़ एवं कमलेश सेन विदिशा ने सहभागिता की। इस अवसर पर सामाजिक, खेल, पर्यटन एवं साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सारंगपुर के समाजसेवी सुरेश चैहान को नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मंच पर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित करने पर समाजबंधुओं एवं इष्ट-मित्रों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

नगर पालिका की अनदेखी के चलते परेशान हो रहे रहवासी, मच्छरों के प्रकोप से अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

एसडीएम निवास के पास पेयजल टंकी और गरबा पंडाल स्थल पर कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शहर एसडीम निवास के पास रहवासियों के लिए पीने के पानी की टंकी को भरने के लिए लगी ट्यूबेल के पास लगा कचरे का अंबार लगा हुआ है। नगर में नवरात्रि महोत्सव के लिए जगह-जगह झांकियों के स्टेज बनाने का काम जोरों पर चल रहा है। लेकिन नगरपालिका की लचर सफाई व्यवस्था के कारण श्रद्धालु और आम नागरिक भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में सबसे खराब हालातएसडीएम निवास के पास की हैं। इसी स्थल के समीप नवरात्रि की झांकी और गरबा महोत्सव के लिए स्टेज तैयार किया जा रहा है। इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन द्वारा यहां सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और चारों तरफ कचरे के अंबार लगा है।



मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में गंदे नाले से बढ़ा बीमारियों का खतरा

नगर के मातामंड मोहल्ला और शहीद कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है। यहां स्थित गंदे नाले की लंबे समय से सफाई न होने के कारण नाले में जमा पानी पूरी तरह काला पड़ चुका है। सड़ते पानी और गंदगी की वजह से मच्छर पनप रहे हैं जिससे आसपास के रहवासियों में डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बन गया है। इतना ही नहीं शहीद कॉलोनी में लगे कचरे के अंबार में 5 से 6 मवेशी गाय गंदगी और प्लास्टिक खाने को मजबूर दिखाई दिए।

वीआईपी रूट पर गंदगी और शौचालय का अभाव, यात्री परेशान

स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों की पोल राजगढ़ बायपास ब्रिज के नीचे खुलती दिखाई दे रही है। ब्रिज के नीचे कचरे का भारी अंबार लगा हुआ है। विडंबना यह है कि इसी रास्ते से आए दिन प्रशासनिक अधिकारियों और नेताओं का आना-जाना बना रहता है फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। इसके अलावा राजगढ़ रोड भोपाल रोड और रेलवे चैराहे ब्रिज के पास कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है। बायपास ब्रिज के नीचे से रोजाना सैकड़ों यात्री और वाहन गुजरते हैं। शौचालय और मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण विशेष रूप से बस से सफर करने वाले यात्रियों और महिला यात्रियों को बेहद शर्मिंदगी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।प्रशासन से मांग की है कि नवरात्रि पर्व को देखते हुए तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान चलाकर कचरा हटवाया जाए नालियों में दवा का छिड़काव कराया जाए और प्रमुख चैराहों पर अस्थायी या स्थायी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था की जाए।

इनका कहना है...

आपसे जानकारी मिली है शहर में जहा भी अव्यवस्था फैल रही है, उसको लेकर सीएमओ से बोलता हू।

गोविंद दुबे एसडीएम ब्यावरा